EDII

Jaash Kanpur News

March 13, 2022

स्टार्टअप ओरिएंटेशन में सीएसजेएमयू के शिक्षक

जासं, कानपुर : सीएसजेएमयू के छह शिक्षकों का दल भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआइआइ) गांधीनगर में आयोजित स्टार्टअप ओरिएंटेशन में शामिल हुआ है। इसमें उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

पांच दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में स्टार्टअप, उद्यमिता व नवाचार के विकास पर चर्चा हुई। डा. शिल्पा कायस्थ, डा. एकता खरे, डा. प्रभात द्विवेदी, डा. शिवेंदु रंजन, डा. प्रशांत त्रिवेदी, डा. श्रीहर्षा ने प्रतिभाग किया।